**कार्यशाला** कचरा पृथक्करण और बल्क वेस्ट जनरेटर्स के कर्तव्यों को लेकर कार्यशाला में हुई चर्चा

# बेहतर स्वास्थ्य के लिए शहर को साफ और सुंदर रखें : महापौर



**नवभारत, जबलपुर।** बेहतर स्वास्थ्य के लिए शहर को साफ और सुंदर रखें, नागरिकों का स्वास्थ्य बेहतर बनाए रखना सरकारों की प्राथमिक मंशा है तथा स्वस्थ रहने के लिए स्वच्छता अत्यंत आवश्यक है। ये सारी बातें महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' ने कहीं। मौका था ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 लागू करने तथा उसका पालन करने के संबंध में आमजनमानस में जागरूकता फैलाने के लिए आयोजित नगर निगम की कार्यशाला का। कार्यशाला में महापौर ने कहा कि जागरूक नागरिकों के सहयोग से जबलपुर की पहचान आज राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित हुई है। हमारा शहर देश के उन गिने-चुने सौभाग्यशाली स्थानों में शामिल है, जहाँ कचरे से बिजली का उत्पादन सफलतापूर्वक किया जा रहा है। महापौर ने आगे कहा कि विशेषकर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा इसके लिए सतत प्रयास किए जा रहे हैं।

### एक अप्रैल से लागू हुए नियम

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर ने जानकारी दी कि शहर में 1 अप्रैल से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 प्रभावी रूप से लागू हो चुका है, जिसका पालन करना सभी नागरिकों का नैतिक एवं कानूनी दायित्व है । नियमों के उल्लंघन पर दंड का प्रावधान भी किया गया है, परंतु निगम की प्राथमिकता दंडात्मक कार्रवाई के स्थान पर जन-सहयोग प्राप्त करना है। महापौर ने अपील करते हुए कहा कि सभी नागरिक देवतुल्य हैं, इसलिए स्वच्छता नियमों का सहर्ष पालन करें और अपने शहर को साफ व सुंदर बनाए रखने में नगर प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि संस्कारधानी की साख और गौरव में वृद्धि के लिए नगर निगम हमेशा सकारात्मक कार्य करता रहेगा।

### सकारात्मक प्रयासों से बढ़ेगी साख

इस कार्यशाला में होटल, रेस्टोरेंट, अस्पताल, मैरिज गार्डन, कैटरिंग एसोसिएशन तथा रेजिडेंशियल वेलफेयर सोसायटी के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के प्रावधानों की जानकारी ली और उनका पालन करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर नगर निगम के अध्यक्ष रिकुंज विज, एमआईसी सदस्य रजनी कैलाश साहू, अंशुल राघवेंद्र यादव, डॉ. सुभाष तिवारी, विवेक राम सोनकर, दामोदर सोनी, कलेक्टर राघवेंद्र सिंह और निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार सहित सभी विभागीय प्रमुख उपस्थित रहे। कार्यशाला में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नागरिकों के साथ मिलकर स्वच्छता अभियान को नई ऊँचाइयों पर ले जाने का संकल्प दिलाया गया, जिसके बाद यह पूरा कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### थोक कचरा उत्पादकों के विशेष कर्तव्य

महापौर ने स्पष्ट किया कि थोक कचरा उत्पादकों का दायित्व है कि वे परिसर में पर्याप्त संख्या में रंग कोडित डस्टबिन रखें तथा कर्मचारियों व निवासियों को कचरा पृथक्करण के लिए जागरूक करें। इसके अलावा अधिकृत एजेंसी के माध्यम से कचरे का नियमित संग्रहण व परिवहन सुनिश्चित किया जाए और पुनर्चक्रण योग्य सामग्री को अधिकतम रीसाइक्लिंग के लिए भेजकर लैंडफिल पर निर्भरता कम की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि नियमों का उल्लंघन होने पर पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति एवं अन्य वैधानिक कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है । साथ ही बल्क वेस्ट जनरेटर्स को केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर पंजीयन कराना भी अनिवार्य होगा।

## आज श्री नरसिंह मंदिर में होगा सामूहिक सुन्दरकांड पाठ

**नवभारत, जबलपुर।** साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था मिलन अपने अमृत महोत्सव वर्ष के अंतर्गत 25 जुलाई को सामूहिक सुंदरकांड पाठ का आयोजन करने जा रही है। शास्त्री ब्रिज स्थित श्री नरसिंह मंदिर में शनिवार शाम 4 बजे होने वाले इस आयोजन में 75 हनुमत भक्त एक साथ सुंदरकांड का सस्वर पाठ करेंगे। सामूहिक भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण यह आयोजन श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। कार्यक्रम को जगद्गुरु स्वामी नरसिंह देवाचार्य जी महाराज का पावन सानिध्य प्राप्त होगा। संस्था का कहना है की अमृत महोत्सव के तहत आयोजित यह कार्यक्रम समाज में धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक समरसता का संदेश देगा। आयोजन में शहर के साहित्यकार, समाजसेवी, विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। संस्था ने शहरवासियों से अपील की है की वे धार्मिक कार्यक्रम में पहुंचकर सामूहिक सुंदरकांड पाठ का पुण्य लाभ प्राप्त करें और आयोजन की गरिमा बढ़ाएं। संस्था के अध्यक्ष एडवोकेट ईश्वर सिंह ठाकुर, सचिव डॉ. मुकुल तिवारी तथा आयोजन समिति के सदस्यों ने बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं से पहुंचने की अपील की है।

# पैरालीगल वालेंटियर्स को ई-कोर्ट, सीआईएस और साइबर सुरक्षा का प्रशिक्षण



**नवभारत, जबलपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर द्वारा शुक्रवार को जिला न्यायालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में पैरालीगल वालेंटियर्स (पीएलवी) के लिए एक दिवसीय दक्षता संवर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष कृष्णमूर्ति मिश्र के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रशिक्षण का उद्देश्य पैरालीगल वालेंटियर्स को ई-कोर्ट सेवाओं, कोर्ट इन्फॉर्मेशन सिस्टम (सीआईएस) और साइबर सुरक्षा की व्यावहारिक जानकारी देकर डिजिटल रूप से सशक्त बनाना था। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। प्रशिक्षण में न्यायिक अधिकारियों ने ई-कोर्ट्स एप, सीआईएस 3.2, ई-फाइलिंग, ई-समन, ई-पे और न्यायालय की अन्य ऑनलाइन सेवाओं का लाइव प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों को बताया गया कि अब कोई भी नागरिक घर बैठे अपने प्रकरण की स्थिति, अगली सुनवाई की तिथि, आदेश, निर्णय और प्रमाणित प्रतिलिपि प्राप्त करने की प्रक्रिया की जानकारी ऑनलाइन हासिल कर सकता है। साथ ही न्यायालय परिसर में स्थापित कियोस्क प्रणाली के माध्यम से भी प्रकरण संबंधी जानकारी प्राप्त करने की प्रक्रिया समझाई गई।

### अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे न्याय

साइबर सेल के उप निरीक्षक नीरज सिंह नेगी ने साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताते हुए ओटीपी, यूपीआई, सोशल मीडिया, एपीके फाइल और फर्जी लिंक के जरिए होने वाली ठगी से सतर्क रहने की सलाह दी। उन्होंने संचार साथी पोर्टल के माध्यम से अनधिकृत सिम ब्लॉक कराने सहित सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने की जानकारी दी। प्रशिक्षण में केंद्रीय जेल, जबलपुर के पैरालीगल वालेंटियर्स भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शामिल हुए। समापन अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव शक्ति वर्मा ने कहा कि प्रशिक्षित पैरालीगल वालेंटियर्स न्यायपालिका और आमजन के बीच महत्वपूर्ण कड़ी बनकर डिजिटल विधिक सेवाओं और साइबर जागरूकता को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएंगे।

## एक नजर में



### बड़ा जैन मंदिर में आर्यिका संघ का चातुर्मास मंगल प्रवेश

**नवभारत, जबलपुर।** गढ़ा स्थित बड़ा जैन मंदिर में शुक्रवार को परम पूज्य आर्यिकादृढ़मति माताजी की संघस्थ आर्यिका सिद्धमति माताजी एवं आर्यिका संयतमति माताजी के पावन चातुर्मास मंगल प्रवेश पर भव्य अगवानी की गई। शोभायात्रा में महिलाएं केसरिया वेशभूषा में मंगल कलश, युवा एवं बच्चे धर्मध्वजा तथा पुरुष श्वेत वस्त्र धारण कर जयघोष के साथ शामिल हुए। मार्गभर बालिकाओं द्वारा बनाई गई आकर्षक रंगोलियों ने श्रद्धा और भक्ति का वातावरण बनाया। मीडिया प्रभारी नीरज नारद के अनुसार, यात्रा मार्ग में आर्यिका संघ का भावपूर्ण स्वागत एवं पाद प्रक्षालन किया गया। इसके बाद आयोजित धर्मसभा में पूज्य माताजी ने धर्म, संयम और एकता का संदेश देते हुए श्रद्धालुओं को चातुर्मास के दौरान आयोजित होने वाले धार्मिक कार्यक्रमों एवं सिद्धचक्र मंडल विधान में सहभागिता का आह्वान किया।

### मानस भवन में युग प्रवर्तक डॉ. हेडगेवार नाटक का मंचन 26 को

**नवभारत, जबलपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में रविवार, 26 जुलाई को शाम 6 बजे मानस भवन प्रेक्षागृह जबलपुर में ऐतिहासिक नाट्य प्रस्तुति 'युग प्रवर्तक डॉ. हेडगेवार' का मंचन आयोजित किया जाएगा। नाद ब्रह्मा संस्था नागपुर द्वारा प्रस्तुत तथा संस्कार भारती जबलपुर महानगर के तत्वावधान में होने वाली यह नाट्य प्रस्तुति संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार के जीवन, उनके विचारों तथा संघ स्थापना की पृष्ठभूमि को नाटकीय रूप में प्रदर्शित करती है। इस नाटक में तत्कालीन परतंत्र भारत की परिस्थितियों, सामाजिक परिदृश्य और देश के भविष्य के लिए एक संगठित समाज की आवश्यकता को प्रमुखता से रेखांकित किया गया है। संस्कार भारती के महाकौशल प्रांत सह-महामंत्री निखिल देशकर, प्रांत उपाध्यक्ष विजय श्री मिश्रा, कोषाध्यक्ष मदन पटेल, सह-कोषाध्यक्ष सिद्धार्थ शुक्ला, महानगर अध्यक्ष माला सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष प्रभात दुबे और मुनीश जैन सहित अन्य आयोजकों ने सभी नागरिकों से आने की अपील की है।



### जेडीए के मुख्य कार्यपालिक अधिकारी को दी गई विदाई

**नवभारत, जबलपुर।** जबलपुर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालिक अधिकारी दीपक कुमार वैद्य के सम्मान में शुक्रवार को प्राधिकरण कार्यालय में विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन ने दीपक कुमार वैद्य को उनकी नवीन पदस्थापना के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह में जेडीए उपाध्यक्ष प्रशांत केशरवानी एवं प्राधिकरण के अधिकारी-कर्मचारियों ने भी दीपक कुमार वैद्य को नई जिम्मेदारियों के सफल निर्वहन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं और यह पूरा विदाई कार्यक्रम गरिमापूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

# मन का मैल धोने अच्छी वाणी जरूरी : मुनि निष्कंप सागर



**नवभारत, जबलपुर।** मुनि निष्कंप सागर का पावन चातुर्मासिक मंगल प्रवेश शिवनगर में अपार भक्ति और श्रद्धापूर्वक संपन्न हुआ। आचार्य विद्यासागर महाराज की परंपरा के शिरोमणि कुल विद्या परम्पराचार्य समय सागर महाराज के आशीर्वाद से मुनिवर ससंघ का वर्षायोग शिवनगर में होने जा रहा है। शुक्रवार को सुबह अधारताल जैन मंदिर से निकली भव्य शोभायात्रा की अगवानी आर्यिका संघ के सानिध्य में पूरे जैन समाज ने दमोह नाका चौक पर उत्साह के साथ की। इस दौरान मुनिवर निष्कम्प सागर महाराज ने मांगलिक संदेश में कहा कि तन के मैल के लिए उत्तम जल और मन की शुद्धि के लिए श्रेष्ठ वचन अनिवार्य हैं। सच्चे समाज और श्रावक को धर्म पथ पर कभी भी थकान नहीं महसूस होनी चाहिए। यह चातुर्मास संयम, आत्मजागरण, धर्म आराधना और स्वाध्याय का अनुपम अवसर है, जिससे सभी धर्मलाभ लेकर जीवन को सफल बनाएं।

**जब भी सुअवसर प्राप्त हो, लाभ उठाना चाहिए**-शिवनगर जिनालय के देवाधिदेव मूलनायक पार्श्वनाथ भगवान की दिव्य प्रतिमा की महिमा बताते हुए मुनि ने कहा कि इसे साक्षात आचार्य भगवंत विद्यासागर महाराज ने सूरिमंत्र देकर प्रतिष्ठित किया है, साथ ही यह जिनबिम्ब अब तक का सर्वाधिक विशाल और भारी है। मुनि ने कहा कि जीवन में जब भी सुअवसर प्राप्त हो, लाभ उठाना चाहिए। इस मौके पर दिगम्बर जैन पंचायत सभा, जैन नवयुवक सभा, पार्श्वनाथ मंदिर समिति के निवर्तमान व मौजूदा पदाधिकारी, प्रगतिशील महिला मंडल, दिव्यघोष, दिगम्बर जैन महिला परिषद शिवनगर, पार्श्व युवा मंच, आदर्श बहुमंडल, बालिका मंडल, विद्यासागर संस्कार वाटिका परिवार, भक्तामर मंडल और मुनि सेवा संघ के सदस्य प्रमुखता से उपस्थित रहे।

# ओरिएंटेशन कार्यक्रम में छात्राओं को कैरियर अवसरों की दी जानकारी




**नवभारत, जबलपुर।** शासकीय मो. ह. गृह विज्ञान एवं विज्ञान महिला महाविद्यालय के वस्त्र एवं तंतु विज्ञान विभाग में शुक्रवार को नवप्रवेशित छात्राओं के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को विभाग, पाठ्यक्रम, प्रयोगशालाओं, विभागीय गतिविधियों और भविष्य में उपलब्ध करियर अवसरों से परिचित कराना था। विभागाध्यक्ष डॉ. भावना शर्मा ने छात्राओं का स्वागत करते हुए विभाग की उपलब्धियों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और रोजगारपरक संभावनाओं की जानकारी दी तथा उन्हें नियमित अध्ययन और रचनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में डॉ. रीना भैरम, सुश्री मंजू बरखाने और डॉ. रचना अग्रवाल ने विभागीय पाठ्यक्रम, प्रायोगिक कार्य, कार्यशालाओं, औद्योगिक भ्रमण, कौशल विकास कार्यक्रमों तथा उच्च शिक्षा एवं रोजगार के अवसरों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। वहीं विभाग की पूर्व छात्राओं पूजा कश्यप और निकिता दीवान ने अपने अनुभव साझा करते हुए छात्राओं को अनुशासन, निरंतर अभ्यास और आत्मविश्वास के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने की प्रेरणा दी।

### बनेगा सृजन क्लब

इस अवसर पर विभागीय 'सृजन क्लब' के गठन की घोषणा करते हुए छात्र प्रतिनिधियों का चयन भी किया गया। सृष्टि अग्रवाल को अध्यक्ष, राजुल पटेल को उपाध्यक्ष, आर्या सौंधिया को सचिव तथा अवंतिका गुप्ता को सह सचिव बनाया गया। कार्यक्रम का संचालन सृष्टि अग्रवाल एवं अंजलि चौरसिया ने किया। संस्था के प्राचार्य डॉ. समीर कुमार शुक्ल के संरक्षण एवं विभागाध्यक्ष डॉ. भावना शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का समापन नवप्रवेशित छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ।

# जागरूक कर्मचारी ही बेहतर भविष्य का आधार : रविंद्र रेड्डी



**नवभारत, जबलपुर।** जागरूक कर्मचारी ही बेहतर भविष्य का आधार हैं, सभी कर्मचारी अपने और अपने परिवार के भविष्य का ध्यान रखते हुए सरकारी कर्मचारी का ही विकल्प चुनें, विपक्ष का गठबंधन विपरीत विचारधारा का मिलन और केवल सत्ता का लालच है तथा पूरी सेवा में पांच बार पदोन्नति सुनिश्चित की जाए। ये सारी बातें ऑल इंडिया डिफेंस एम्प्लाइज फेडरेशन के राष्ट्रीय संयुक्त महासचिव रविंद्र रेड्डी ने कहीं, मौका था विद्यानगर गेट, जीसीएफ में आयोजित मजदूर कर्मचारी मोर्चा की आम सभा का। आगामी 25 जुलाई को जीसीएफ में होने वाले कार्य समिति चुनाव में गोला बारूद फैक्ट्री खड़की पुणे से पधारे जेसीएम काउंसिल तथा आठवीं वेतन आयोग ड्राफ्टिंग कमेटी के सदस्य और एआईडीईफ के राष्ट्रीय संयुक्त महासचिव रविंद्र रेड्डी ने आठवें वेतन आयोग की प्रस्तावित मांगों के बारे में विस्तृत जानकारी दी और निगमीकरण विकल्प के प्रति कर्मचारियों को जागरूक किया।

### न्यूनतम वेतन 69,000 रुपए करने की उठी मांग

इस दौरान रेड्डी ने ऑल इंडिया डिफेंस एम्प्लाइज फेडरेशन की प्रमुख मांगों को साझा किया, जिसमें न्यूनतम वेतन 69,000 रुपये करने, सेवानिवृत्ति के बाद भी परिवारों को एक बार एलटीसी देने, चिल्ड्रन एजुकेशन अलाउंस पोस्ट ग्रेजुएशन तक करने, क्रमोन्नति अवधि 8 से घटाकर 6 साल करने, सेंट्रल गवर्नमेंट एम्प्लाइज इंश्योरेंस को 30,000 से बढ़ाकर 10 लाख रुपये करने और मोबाइल अलाउंस देने की मांगें शामिल हैं। रेड्डी ने कार्यक्रम में उपस्थित कर्मचारियों की जागरूकता की सराहना करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया। इस अवसर पर कटनी से ऑल इंडिया डिफेंस एम्प्लाइज फेडरेशन के कार्यकारिणी सदस्य शिव पांडे, व्हीकल फैक्ट्री से अमरीश सिंह, खमरिया लेबर यूनियन से पुष्पेंद्र सिंह, मजदूर संघ हथौड़ा के पूर्व अध्यक्ष मिठाई लाल रजक, वर्तमान अध्यक्ष विनय गुप्ता, इंटक यूनियन के अध्यक्ष संतराम रजक सहित मजदूर कर्मचारी मोर्चा के पदाधिकारी और सैकड़ों कर्मचारी उपस्थित रहे।

# संगीत संध्या और पौधरोपण कर मनाया जन्मोत्सव



**नवभारत, जबलपुर।** वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री-समाजसेवी बाबू चंद्रमोहन के 77वें जन्मोत्सव पर शहीद स्मारक परिसर में पौधारोपण, संगीत संध्या 'चंद्रोत्सव' और नि:शुल्क दंत चिकित्सा शिविर जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की गई। इस पावन अवसर पर सुबह 12 बजे पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पूर्व विधायक नित्य निरंजन खम्परिया, शेखर चौधरी, ऋषि रैकवार, डॉ. हिमांशु तिवारी, डॉ. रजनीश गर्ग, जादूगर एस.के. निगम, राजीव गुप्ता, प्रहलाद साहू, आलोक पाठक, सतीश पटेल, राजकुमारी रैकवार, प्रमोद जैन, अंकिता निगम, प्रेम वर्मा और मंजू इंग्ले की उपस्थिति में 11 पौधे रोपे गए। जन्मोत्सव समारोह के दौरान पूर्व विधायक नित्य निरंजन खम्परिया, डॉ. राजेश धीरावानी, महापौर अन्नू, पूर्व न्यायाधीश मीना भट्ट और डॉ. के.के. भारद्वाज ने बाबू चंद्रमोहन को विशाल हृदय और संवेदनशील व्यक्तित्व का धनी बताते हुए अपनी शुभकामनाएं दीं। संध्याकालीन सांस्कृतिक सत्र में नृत्यगुरु नीलांगी कलांत्रे के निर्देशन में गणेश वंदना, लक्ष्मण सिंह चौहान द्वारा लघुनाटक और बब्लू मैथ्यूज व मुन्ना गूजर के निर्देशन में संगीतकारों की शानदार प्रस्तुतियां हुईं, जहां बब्लू-मुन्ना गूजर को 'किंग ऑफ रिदम अवार्ड' से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में ऑनलाइन माध्यम से सारेगामापा विनर इशिता विश्वकर्मा सहित राखी मजूमदार, रूमा बेनर्जी, सुनीता जायसवाल, विजय श्रीवास्तव, प्रेम वर्मा, मंजू इंग्ले, राजू श्रीवास्तव और मधुसूदन ने अपनी मधुर आवाज से दर्शकों का मन मोह लिया।

# जीवन की सार्थकता निरंतर हरि भजन करने में है : डॉ. नरसिंह देवाचार्य



**नवभारत, जबलपुर।** जगद्गुरु नरसिंह पीठाधीश्वर डॉ. स्वामी नरसिंह देवाचार्य ने गीता धाम में गुरु पूर्णिमा महोत्सव के अवसर पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा पुराण सप्ताह के दूसरे दिन श्रद्धालुओं को संबोधित किया। डॉ. देवाचार्य अपने प्रवचन में कहा कि ईश्वर द्वारा दिए गए दुर्लभ मानव तन पाने की सार्थकता यही है कि जीवन में लगातार भगवान का भजन हो और प्रभु के चरणों में हमारी अखंड प्रीति व भक्ति बनी रहे। माता कुंती ने भी श्रीकृष्ण से विपत्ति की याचना इसीलिए की थी ताकि प्रभु की बार-बार याद आती रहे। उन्होंने आगे समझाया कि हरि का विस्मरण रोकने के लिए हर सांस में निरंतर हरिनाम स्मरण और संकीर्तन करते हुए जीवन व्यतीत करना चाहिए। इस धार्मिक कार्यक्रम में योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण, नवग्रह गणपति और नर्मदा मैया का पूजन आशालता गुप्ता, राकेश गुप्ता, सुरेश गुप्ता, रवि गुप्ता, रामलखन परोहा, रमेश कुमार कोरी, विद्यादेवी साहू, राजेंद्र कुमार, सरोज मिश्रा, ओंकार पटेल, वीरेंद्र पटेल, रम्मू प्रसाद पटेल, प्रभुदयाल पटेल, शिवांश, स्नेहलता मिश्रा, आशीष व्यौहार, मीना बाई, गीता चौकसे, मोहनलाल कोरी, मनोज विश्वकर्मा, रामसेवक पटेल, मीरा मिश्रा और भगवान दास पटेल सहित बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालु भक्तजनों द्वारा किया गया और यह पूरा प्रसंग श्रद्धापूर्वक संपन्न हुआ।

# मलेरिया से बचाव के लिए वेटनरी यूनिवर्सिटी ने बांटी गंबूसिया मछलियां



**नवभारत, जबलपुर।** नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय में सार्वजनिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के उद्देश्य से मलेरिया की रोकथाम में सहायक गंबूसिया मछलियों का वितरण किया गया। यह वितरण विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. मनदीप शर्मा के मार्गदर्शन, मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एस.के. महाजन एवं मत्स्य पालन प्रक्षेत्र प्रभारी डॉ. सोना दुबे के निर्देशन में मत्स्य विभाग के अधिकारी डॉ. बृजेश पटेल और उनकी टीम द्वारा नवीन यादव एमपीडब्ल्यू व ओमकार सांभर को किया गया। कुलगुरु प्रो. मनदीप शर्मा ने कहा कि यह पहल सार्वजनिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के उद्देश्य से की जा रही है, जो समाज के प्रति विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के मत्स्य पालन प्रक्षेत्र में आयोजित किया गया था। इस पहल से जबलपुर और आसपास के क्षेत्रों में मलेरिया के मामलों को कम करने में एक महत्वपूर्ण मदद मिलने की उम्मीद है।

### मच्छरों की आबादी पर लगेगा अंकुश

गंबूसिया मछली, जिसे मॉस्किटोफिश भी कहते हैं, मलेरिया फैलाने वाले मच्छरों के लार्वा को खाती है। यह मछलियां पानी के छोटे-छोटे स्रोतों, जैसे तालाबों और नालों में प्रजनन करती हैं और मच्छरों की आबादी को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इस प्रकार ये मलेरिया जैसी बीमारियों को फैलने से रोकने में बेहद प्रभावी होती हैं। डॉ. बृजेश पटेल ने इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि इन मछलियों का उपयोग स्थानीय क्षेत्रों में मच्छर नियंत्रण के लिए किया जाएगा। वितरण के दौरान प्रक्षेत्र समिति के सदस्य प्रतीक कुमार तिवारी, सत्येंद्र कटारा, मिलन रैकवार एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे, जिनके सहयोग से यह पूरा वितरण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

**बदली स्थिति** कहीं-कहीं दिखती है गौरैया, तो कई इलाकों से हो चुकी है लगभग गायब

# आजकल सुनाई नहीं देती गौरैयों की चहचहाट



**नवभारत , जबलपुर ।** शहर के कई हिस्सों में गौरैया अब मुश्किल से दिखाई देती है, जबकि कुछ स्थानों पर इसकी संख्या पहले की तुलना में काफी कम हो गई है। एक समय था जब सुबह की शुरुआत घरों के आंगन, छतों और पेड़ों पर गौरैया की चहचहाहट से होती थी , आज यह स्थिति बदल चुकी है। लोगों का मानना है कि बदलता प्राकृतिक वातावरण, पेड़ों की कटाई, हरियाली में कमी और बढ़ता प्रदूषण गौरैया की घटती संख्या के प्रमुख कारण हैं। हालांकि कुछ क्षेत्रों में अब भी गौरैया दिखाई देती है, लेकिन पहले जैसी संख्या और चहचहाहट अब सुनाई नहीं देती। बुजुर्गों का कहना है कि वर्षों पहले सुबह-शाम गौरैया के झुंड आसानी से देखे जाते थे, जबकि आज बच्चों के लिए इसे देखना भी एक अलग अनुभव बन चुका है।

### घटती गौरैया, बढ़ती जिम्मेदारी

गौरैया की कम होती संख्या यह संकेत देती है कि प्रकृति और शहरी विकास के बीच संतुलन बनाए रखना आवश्यक है। यदि वृक्षारोपण को बढ़ावा दिया जाए, हरियाली का संरक्षण किया जाए, प्रदूषण कम करने के प्रयास किए जाएं और पक्षियों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार किया जाए, तो गौरैया जैसी छोटी चिड़ियों की मौजूदगी को फिर से बढ़ाया जा सकता है। यह केवल एक पक्षी को बचाने का प्रयास नहीं होगा, बल्कि पर्यावरण और जैव विविधता के संरक्षण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

### इनका कहना है



गौरैया का कम दिखाई देना चिंता की बात है। पहले यह हमारे आसपास आसानी से दिख जाती थी, लेकिन अब कई दिनों तक नज़र नहीं आती। मुझे लगता है कि बढ़ता प्रदूषण और पर्यावरण में हो रहे बदलाव इसके पीछे बड़ी वजह हैं।

**संतोष चौधरी , राहगीर**



गौरैया अब पहले की तरह हर जगह नहीं दिखती। कई इलाकों से तो यह पूरी तरह गायब हो गई है। हमें पर्यावरण बचाने और पेड़ लगाने की दिशा में गंभीरता से काम करना चाहिए, तभी इसकी चहचहाहट फिर सुनाई देगी ।

**जवाहरलाल साहू , राहगीर**

## दत्त मंदिर से आज निकलेगी विट्ठल वारी यात्रा



**नवभारत, जबलपुर।** हर साल की तरह इस साल भी आज 25 जुलाई को शाम 4 बजे दत्त मंदिर, गोल बाजार से विट्ठल वारी यात्रा निकलेगी, जिसमें हजारों श्रद्धालु शामिल होंगे। आषाढी कार्तिकी वारी महामंडल द्वारा आयोजित इस मुख्य यात्रा में युवा वर्ग द्वारा बैंड और ढोल का भव्य प्रदर्शन किया जाएगा। पंढरपुर की तर्ज पर निकलने वाली यह वारी यात्रा दत्त मंदिर गोल बाजार से शुरू होकर मालवीय चौक, लॉर्डगंज और बड़ा फुहारा होते हुए हनुमानताल स्थित विट्ठल रखुमाई मंदिर पहुंचेगी। इस धार्मिक व भव्य यात्रा में शामिल होने की अपील संतोष गोडबोले, स्वाति गोडबोले, रंजन वर्तक, हेमंत पोहरकर, राजेश और प्रवीण श्रीकांत सहित महामंडल के अन्य सदस्यों ने की है।



# जबलपुर हेल्पिंग एसोसिएशन ने पर्यावरण संरक्षण के लिए लगाए पौधे

**नवभारत, जबलपुर।** जबलपुर हेल्पिंग एसोसिएशन द्वारा शुक्रवार, 24 जून को सुप्तेश्वर गणेश मंदिर, रतननगर में पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ 11 पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण पर अपने विचार रखे और भविष्य में प्रकृति की सुरक्षा के लिए लगातार प्रयास करने का सामूहिक संकल्प लिया, जिसके अंतर्गत यह पूरा कार्यक्रम बहुत ही व्यवस्थित तरीके से आयोजित और संपन्न हुआ। इस दौरान सुधाकर दिवेदी, संदीप गौर, चरन जीत सिंघ अरोरा अध्यक्ष, राजेंद्र वर्मा सचिव, गरिमा विश्वकर्मा, पी एल शर्मा, संतोष चौरसिया, प्रतिमा चौरसिया, अनीता वर्दे, शरद नेमा, चंद्र किशोर मोदी और सुरेंद्र वर्दे मुख्य रूप से उपस्थित रहे।